







# भाजपा जिला कार्यकारिणी में क्षेत्रीय एवं जातीय असंतुलन

## पन्ना विधानसभा से सर्वाधिक 10 तो पवई विधानसभा से 4 पदाधिकारी बनाए गए, गुनौर विधानसभा से 8 पदाधिकारी

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। गत दिनों प्रदेश कार्यालय की सहमति से बहुप्रतीक्षित भाजपा जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमें कुल 21 पदाधिकारी बनाये गये हैं। जिसमें 8 उपाध्यक्ष, 2 महामंत्री, 6 मंत्री, 1 कोशाध्यक्ष, 2 सह कोशाध्यक्ष, 1 कार्यालय मंत्री तथा 1 सह कार्यालय मंत्री बनाये गये हैं।**

जिसमें विशेष रूप से देखा गया है कि क्षेत्रीय एवं जातीय संतुलन सहित जमीनी कर्मठ कार्यकर्ताओं की वजाय जनप्रतिनिधियों के चहेतों को विशेष तवज्जों दी गई है। यही नहीं पन्ना विधानसभा से सर्वाधिक 10 पदाधिकारी बनाये गये हैं वहीं सबसे कम पवई विधानसभा से मात्र 4 पदाधिकारियों को जगह मिली है। वहीं गुनौर विधानसभा दूसरे स्थान पर रहा है जहां से 8 लोगों को पदाधिकारी बनाया गया है। जबकि देखा जाये तो क्षेत्रफल के हिसाब से सर्वाधिक बडी विधानसभा पवई है। घोषित की गई जिला कार्यकारिणी मे एक भी अनुसूचित जाति के कार्यकर्ता को पदाधिकारी नहीं बनाया जाना कहीं न कहीं जातीय संतुलन की अनदेखी कहा जा सकता है। इसके अलावा जिला भाजपा कार्यकर्ताओं में सर्वाधिक चर्चाओं का विषय मीडिया प्रभारी का पद है जिसको लेकर अपने अपने समर्थक को मीड़िया प्रभारी बनाये जाने की जोर आजमाइश चल रही है इस खींचतान के चलते मीड़िया प्रभारी की घोषणा अभी नहीं की जा सकी है। वहीं जिले में वर्षो से अपना पूरा जीवन जिन लोगों ने निष्ठा व ईमानदारी के साथ पार्टी के लिए समर्पित कर दिया है ऐसे तीनों विधानसभा मे कई जमीनी कार्यकर्ता आज भी मौजूद हैं। लेकिन सत्ताभोगी नेताओं एवं सांसद, विधायकों के चहेतों के चलते आज तक उनकी पूंछ परख न तो संगठन के पदाधिकारियों के रूप मे हुई और न कभी सत्ता का लाभ उन्हें मिल सका।

यहां तक कि वे अपने वैधानिक कार्यो तक के लिए भटकते रहते हैं लेकिन कोई सुनने वाला नहीं रहता है। हालांकि पार्टी के जिम्मेदार लोगों का कहना हैं कि कार्यकारिणी मे सभी वर्गो का ध्यान दिया गया है और अभी कुछ पदों की घोषणा शेष है जिसमें कमियों को पूरा किया जायेगा।

### गड्ढों में आए दिन हो रहीं दुर्घटनाएं

गुनौर/पन्ना 28 फरवरी। पन्ना से सलेहा जाने वाला एवं अमानगंज से गुनौर होते हुए नागौद सतना जाने वाला व्यस्ततम मार्ग कटन चौराहा से गुनौर देवेंद्रनगर सलेहा जाने वाले तीनों मार्ग जर्जर है जिसमें हर क्षण नियमित वाहनों की आवाजाही रहती है साथ ही बालू,गिट्टी, सीमेंट,व खेती से जुड़े वाहनों का भी निकलना होता है इन तीनों मार्गो में रोड के किनारे की पटरिया बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील है। जिससे आते दिन दुर्घटनाएं होती हैं जिसमें सामान्य चोटिल व क्षति वालों को छोड़कर अगर पुलिस व अस्पतालों का रिकॉर्ड देख लिया जाए तो इन तीनों रोडो में होने वाली घटनाओं की सत्यता चौंकाने वाली सामने आएगी। जिसमें वर्ष में सैकड़ो एक्सीडेंट हो चुके होंगे किंतु रोड निर्माण विभाग के जिम्मेदारों पर समाज के लोगों के साथ होने वाली घटनाओं का कोई फर्क नहीं पड़ता।

## समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए 7 तक कराएं पंजीयन

पन्ना 28 फरवरी। रबी विपणन वर्ष 2026-27 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए गत 7 फरवरी से जिले के 46 पंजीयन केन्द्रों पर किसान पंजीयन का कार्य आरंभ है। कृषक आगामी 7 मार्च तक पंजीयन करा सकेंगे। अजयगढ़ एवं सिमरिया तहसील में 5-5, पन्ना एवं देवेन्द्रनगर तहसील में 6-6, गुनौर एवं अमानगंज तहसील में 7-7, पवई तहसील में 4 तथा रैपुरा एवं शाहनगर तहसील में 3-3 पंजीयन केन्द्रों की स्थापना की गई है। इन केन्द्रों पर निःशुल्क किसान पंजीयन किया जाएगा। इसके अलावा एमपी ऑनलाइन एवं कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क पर भी प्रति किसान अधिकतम 50 रूपए के मान से सशुल्क पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कृषक स्वयं के मोबाइल से भी एमपी किसान एप के जरिए पंजीयन कर सकेंगे।

# जुएं के फड़ पर दबिश, पांच आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू द्वारा जिले में जुआ एवं सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में दिनांक 27-28 फरवरी की दरम्यानी रात्रि में थाना देवेंद्रनगर पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए बड़ागांव जुए के बड़े फड़ पर दबिश देकर 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।**



मामले में थाना प्रभारी देवेंद्रनगर उपनिरीक्षक संतोष सिंह यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ व्यक्ति देवेंद्रनगर थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागाँव स्थित झिर के पास जंगल में वाहनों एवं मोबाइल टॉर्च के उजाले में ताश के पत्तों से रुपयों की हार-जीत का दांव लगाकर जुआ (मन्ना) खेल रहे हैं।

थाना प्रभारी देवेंद्रनगर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान ग्राम बड़ागांव झिर के पास जंगल में दबिश दी गई, जहाँ कुछ व्यक्ति रात्रि के अंधेरे में प्रकाश की व्यवस्था कर ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते पाए गए। पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके पर 61 हजार 5000 रूपये ताश के पत्ते जप्त कर 05 आरोपियों वीरू कुशवाहा पिता छोटेलाल कुशवाहा उम्र 43 साल निवासी बड़वारा, महेश सोनकर पिता छोटेलाल सोनकर उम्र 41 साल,. दिग्विजय सिंह पिता बिहारी लाल सिंह उम्र 30 साल दोनो निवासी देवेंद्रनगर तथा रामू कुशवाहा पिता गज्जू कुशवाहा उम्र 27 साल, राजेंद्र राजा परमार पिता बड़े राजा परमार उम्र 28 साल दोनो निवासी ग्राम बड़गांव थाना देवेंद्रनगर पर वैधानिक कार्यवाही की गई। कुछ जुआरी रात्रि एवं अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए, आरोपियों के विरुद्ध थाना देवेंद्रनगर में संबंधित धाराओं के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# होली उत्सव मेला का आयोजन टाउन हॉल में आज

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। जिला प्रशासन एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में टॉउल हाल परिसर पन्ना में 28 फरवरी एवं एक मार्च को होली उत्सव मेला आयोजित किया जाएगा। इसका समय सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक निर्धारित है।**

मेला में ग्रामीण महिला स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार होली उत्पादों, स्वदेशी व्यंजनों एवं आजीविका उत्पादों का प्रदर्शन सह विक्रय किया जाएगा। होली उत्सव मेला का शुभारंभ शनिवार को सुबह 11 बजे होगा। इस अवसर पर ग्रामीण स्वसहायता समूहों की बहनों द्वारा निर्मित होली और आजीविका उत्पादों का क्रय कर दीदियों के उत्साहवर्धन की अपील की गई है। आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने जानकारी दी कि लोकल फॉर वोकल का बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वसहायता समूहों द्वारा तैयार उच्च गुणवत्ता के उत्पाद प्रदर्शनी सह विक्रय मेला का दो दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इसके माध्यम से समूह द्वारा निर्मित उत्पादों का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार एवं विपणन कर महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास है। मेले में लगभग 20 स्टॉल लगाए जाएंगे। यहां स्थानीय बाजार से कम दर पर मिलावट रहित एवं उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। होली उत्सव मेला में स्वसहायता समूहों द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल, होली पूजन सामग्री, मधुर मिष्ठान, नमकीन, होली रेडमेड सामग्री, होली एवं खादी वस्त्र, रेडीमेड गारमेंट, आंवला उत्पाद, मिलेट उत्पाद, आजीविका चाय एवं चिरौंजी, आजीविका दालें एवं गुड़, दीदी की रसोई सामग्री, स्वदेशी व्यंजन, आजीविका वॉश उत्पाद ठण्डाई, छॉछ और अन्य पकवानों एवं उत्पादों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल में तेंदूपत्ता शाख कर्तन प्रशिक्षण हुआ

## 15 से 25 के मध्य किया जाएगा शाख कर्तन

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। उत्तर एवं दक्षिण वनमण्डल के संयुक्त तत्वावधान में तेंदूपत्ता शाखकर्तन प्रशिक्षण का आयोजन गत दिवस स्मृति वन परिसर में किया गया।**



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तर पन्ना वनमण्डल अधिकारी धीरेन्द्र प्रताप सिंह, दक्षिण पन्ना वनमण्डल अधिकारी अनुपम शर्मा, प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी अक्षत जैन एवं अंशुल तिवारी, उपवनमण्डल अधिकारी नितिन निगम, प्रशिक्षु राज्य वन सेवा अधिकारी अंकुर गुप्ता सहित दोनों वनमण्डलों के परिक्षेत्र अधिकारी, वनकर्मी, प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समितियों के प्रबंधक, तथा तेंदूपत्ता क्रेता उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को तेंदू पौधों की वैज्ञानिक कटाई एवं शाखकर्तन की विधि का व्यवहारिक प्रदर्शन कराया गया। आगामी तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्य 15 से 25 मार्च के मध्य पन्ना जिले के वन क्षेत्रों में निर्धारित रूप से किया जाएगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि तेंदूपत्ता शाखकर्तन वन प्रबंधन की एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसके अंतर्गत तेंदूपत्ता के छोटे (20 सेंटीमीटर से कम गोलाई के) पौधों की नियंत्रित कटाई की जाती है। इससे पौधों में नई कोपलों का विकास तेजी से होता है तथा समान आकार, कोमल एवं उच्च गुणवत्ता वाले पत्तों की प्राप्ति सुनिश्चित होती है। शाखकर्तन के बाद विकसित होने वाले पत्ते संग्रहण के लिए अधिक उपयुक्त होते हैं, जिससे उत्पादन बढ़ता है। सही समय एवं तकनीक से किया गया शाखकर्तन तेंदूपत्ता उत्पादन की गुणवत्ता और मात्रा दोनों को बेहतर बनाता है।

## भावांतर योजना में सरसों के उपार्जन के लिए पंजीयन शुरू

पन्ना 28 फरवरी। किसान कल्याण तथा कृषि विभाग द्वारा भावांतर योजना अंतर्गत सरसों के उपार्जन के लिए 26 फरवरी से पंजीयन शुरू किया गया है। किसान आगामी 20 मार्च तक पंजीयन करवा सकेंगे। गेहूं के लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर ही सरसों फसल का पंजीयन भी किया जाएगा। रबी वर्ष 2025-26 में भावांतर योजना के तहत सभी पात्र कृषकों से समय पर अपनी फसल का पंजीयन करवाकर शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# भारत थीम पर विज्ञान दिवस समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. एस. डी. चतुर्वेदी के संरक्षण में विज्ञान संकाय द्वारा 'विज्ञान में महिलाएं विकसित भारत' थीम पर दो दिवसीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना तथा विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना रहा। कार्यक्रम के प्रथम दिवस के प्रथम तकनीकी सत्र की अध्यक्षता डॉ. रुचिरा सिंह परिहार ने की। मुख्य वक्ता डॉ. एन. के. पटेल ने रमन प्रभाव को प्रयोग एवं पीपीटी के माध्यम से सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान पर प्रेरणादायी व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिससे विद्यार्थियों को नई दिशा और उत्साह प्राप्त हुआ। द्वितीय सत्र में प्रश्न मंच, पोस्टर एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में ख्याति जैन, देव प्रताप एवं नंदिनी गुप्ता की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कशिश रजक, निसिमा बानो एवं नीतीश अहिरवार की टीम द्वितीय रही, जबकि महक गुप्ता, जसबेंद्र पटेल एवं काव्या मिश्रा की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया। पोस्टर प्रतियोगिता में आकांक्षा चौधरी प्रथम, शिवानी शिवहरे द्वितीय एवं अंकिता मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रियांशु तिवारी ने प्रथम, निशिमा बानो ने द्वितीय तथा मोहित रैकवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आर. एम. दत्ता के निर्देशन में आयोजित इस समारोह मे वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. जे. के. वर्मा, भारतीय ज्ञान परंपरा के नोडल डॉ शुभम पाठक एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# होली के रंग आजीविका के संग, हर्बल गुलाल, गौ कास्ट सहित अन्य स्वदेशी उत्पाद उपलब्ध

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन जिला पंचायत पन्ना के तत्वाधान में होली के रंग आजीविका के संग थीम पर आयोजित जिला स्तरीय होली उत्सव मेले का शुभारंभ विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह, कलेक्टर श्री मति उषा परमार, सीईओ जिला पंचायत उमराव सिँह मरावी ने फीता काटकर किया।**



उपस्थित गणमान्य नागरिको ने होली उत्सव मेला मे लगाए गए स्टॉलो का भ्रमण किया एवं त्यौहारो से संबंधित हर्बल गुलाल, मिठाइयां खरीदी। मेला में मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूहों द्वारा बनाये गए उत्पाद, जैसे- हर्बल गुलाल, होली पूजन सामग्री, मधुर मिष्ठान, नमकीन, आजीविका चाय, होली वस्त्र, मिलेट उत्पाद, वाश उत्पाद, ठंडाई, स्वदेशी व्यंजन, रसोई सामग्री,कलात्मक सजावटी सामग्रीयां, पापड़,आचार, वडी, पापड,मसाला,आंवला उत्पाद, रंग, पिचकारी, मुखौटा आदि सामग्री उपलब्ध है।

कार्यक्रम मे परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला सहित कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित रहा। इस पहल के माध्यम से वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर निर्मित उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाकर न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है, बल्कि महिलाओं की आजीविका और आत्मनिर्भरता को भी नई दिशा मिल रही है। कार्यक्रम मे जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला, जिला प्रबंधक ओ पी सोनी, सुशील शर्मा, कमल श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रबंधक विवेक मिश्रा, सहायक ब्लॉक प्रबंधक नूरिन्निशा, शीतल द्विवेदी, पंकज गर्ग,एवं रोहित विश्वकर्मा, हरिराम रैकवार, लाखन यादव व समूह की दीदिया उपस्थित रहीं।



## आगामी त्योहारों को लेकर थाना परिसर पवई में हुई शांति समिति की बैठक

नवभारत न्यूज

**पवई 28 फरवरी। आगामी पर्व होलिका दहनएहोलीएरंग पंचमीए ईद और महावीर जयंती को लेकर थाना परिसर पवई में अनु विभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमति भावना दांगी की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक संपन्न हुई।**

बैठक में त्योहारों को कैसे बेहतर तरीके से मनाए लेकर आए हुए गणमान्य लोगों से सुझाव लिए गए साथ ही इनको शांतिपूर्वक उत्साह और सद्भावना के साथ बिना नशा खोरी किए मनाने की अपील भी की गई एसाथ ही इन पर्वो को और कैसे बेहतर तरीके से मनाए उसके लिए भी सुझाव दिए गए। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुशील अहिरवार तहसीलदार त्रिलोक सिंह शांति समिति के सदस्यएगणमान्य नागरिक एवं पत्रकार गण मौजूद रहे।

# दक्षिण पन्ना वनमंडल के कल्दा रेंज में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। जेके सीमेंट के पर्यावरण विभाग द्वारा दक्षिण पन्ना वनमंडल के कल्दा परिक्षेत्र में छठा नि:शुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।**

शिविर में वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी, उनके परिजन, वन समिति सदस्य, स्थानीय ग्रामीण तथा मीडियाकर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह स्वास्थ्य शिविर यूनिट हेड कपिल अग्रवाल एवं एचआर हेड अवनीश गौतम के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

शिविर में अनुभवी चिकित्सकों की टीम ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिसमें स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सना अंसारी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। चिकित्सकीय एवं तकनीकी सहयोग हेतु गिरधारी गोदारा, महेश मुंजाल, निवेदिता श्रीवास, दीपेंद्र तिवारी एवं मोनू बाल्मीकि पूरे समय उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में कुल 96 ओपीडी मरीजों की जांच की गई, जिनमें 12 लोगों के रक्त परीक्षण भी किए गए। सभी लाभार्थियों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ नि:शुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं। वन विभाग की ओर से परिक्षेत्र अधिकारी परिवेश भदौरिया द्वारा कार्यक्रम का समन्वय किया गया।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ




नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। जिले में सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ आज जिला चिकित्सालय में किया गया।**

यह अभियान 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी तथा 14-15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को नि:शुल्क टीकाकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अजमेर तेंजींद से एचपीवी वैक्सीन अभियान का राष्ट्रीय स्तर पर शुभारंभ किया गया, जिसका सीधा प्रसारण जिला चिकित्सालय में प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन द्वारा विधिवत रूप से जिले में अभियान का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता ने अपनी पुत्री शानवी गुप्ता को सर्वप्रथम टीका लगवाकर अभिभावकों को जागरूकता एवं विश्वास का संदेश दिया अधिकारियों ने बताया कि यह पहल बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### चना एवं मसूर उपार्जन के लिए पंजीयन प्रारंभ

रबी वर्ष 2025-26 में चना एवं मसूर फसल उपार्जन के लिए गत 20 फरवरी से पंजीयन शुरू हो गया है। आगामी 16 मार्च तक कृषक गेहूं के लिए निर्धारित पंजीयन केन्द्रों पर ही चना व मसूर फसल का पंजीयन करा सकेंगे। सभी कृषकों से समय पर फसल पंजीयन कराकर शासन की योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।

# आरामगंज-विश्रामगंज में बनेंगी प्राथमिक पाठशाला

नवभारत न्यूज

**अजयगढ़/पन्ना 28 फरवरी। अजयगढ़ तहसील के अंतर्गत आरामगंज-विश्रामगंज में दो नवीन प्राथमिक पाठशाला के निर्माण के लिए एसडीएम आलोक मार्को दीपेंद्र तिवारी के साथ सिंचाई विभाग वन विभाग के अमले के साथ आरामगंज-विश्रामगंज का दौरा किया और भूमि चिन्हित की गई।**



राज्य शासन के निर्देशानुसार आरामगंज-विश्रामगंज में नवीन प्राथमिक पाठशाला के लिए भूमि आरक्षित कर अगले शास्त्र में विद्यालय बनाकर शिक्षा शास्त्र शुरू करने के लिए एसडीएम आलोक मार्को ने स्थल का निरीक्षण किया गौरतलव हो की दोनों प्राथमिक पाठशालाएं अजयगढ़ पन्ना घाटी के नीचे बन रहे रुन्झ नदी के बांध में भराव क्षेत्र में आ गई हैं इस कारण दोनों प्राथमिक पाठशालाओं का विस्थापित होना है आरामगंज विश्रामगंज में नजूल भूमि ना होने के कारण वन भूमि में स्कूल निर्माण किया जाना है इसी के लिए एसडीम आलोक मार्को के साथ राजस्व वन विभाग सिंचाई विभाग का अमला साथ गया और संयुक्त टीम द्वारा वन विभाग की भूमि चिन्हित की गई। एसडीएम आलोक मार्को द्वारा ग्राम पंचायत को निर्देशित किया गया कि ग्राम सभा में दोनों विस्थापित स्कूलों के लिए भूमि वन विभाग से लेने के लिए ग्राम सभा में प्रस्ताव पास कर जनपद कार्यालय के माध्यम से वन विभाग के अधिकारियों को भूमि के लिए एन ओ सी प्राप्त कर पाठशालाओं के लिए भूमि आरक्षित करें।

## आज से शस्त्र लाइसेंस के लिए ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य

पन्ना 28 फरवरी। शासन के निर्देशानुसार पन्ना जिले में भी एक मार्च 2026 से शस्त्र लाइसेंस संबंधी नई व्यवस्था लागू की जा रही है, जिसके तहत अब नई प्रणाली में केवल ऑनलाइन माध्यम से ही शस्त्र लाइसेंस के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। नया शस्त्र, बंदूक अथवा अन्य हथियार के लिए भारत सरकार के अधिकारिक पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। ई फाइल क्रमांक उपलब्ध होने पर ही प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# नाबालिग के साथ गलत कार्य करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कठोर कारावास एवं जुर्माना

## 7000 एवं 3000 रुपए का लगा जुर्माना

नवभारत न्यूज

**पन्ना 28 फरवरी। सहा.जि.लोक अभि.अधि. ऋषिकांत द्विवेदी ने बताया कि, अभियोजन का पक्ष संक्षेप में इस प्रकार है कि, फरियादी दिनांक 18 जून 2024 को दिन में करीब 1.00 बजे फरियादी बकरियां चराने चला गया था, उसकी पत्नी घर पर थी एवं उसकी छोटी लड़की भी घर पर ही थी।**

जब पर बकरियां चराकर एक घंटे बाद घर वापस पहुंचा तो पीड़िता घर पर नहीं थी। उसने अपनी पत्नी से पूंछा तो उसने बताया कि अमानगंज बाजार सब्जी लेने गई है। जब शाम 5.00 बजे तक बच्ची वापस नहीं आई तो वह भी अमानगंज आ गया और अपनी बच्ची को तलाशता रहा, लेकिन उसकी बच्ची नहीं मिली। फरियादी के द्वारा थाना अमानगंज में प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई।

पीड़िता को दस्तयाब किया गया, उससे पूंछताछ कर उसके कथन अंकित किये गये,पीड़िता के कथनों के आधार पर धारा-366, 376(3), 376(2) (एन), 506 भा0दं0सं0 एवं धारा, 3/4, 5एल/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया। विवेचक ने अन्य अनुसंधान कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त के विरूद्ध धारा-363, 366, 376(3), 376 (2) (एन), एवं धारा 3/4, 5एल/6 पॉक्सो एक्ट, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियुक्त रामकिशोर उर्फआकाश सपेरा के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय अरविंद कुमार शर्मा विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के न्यायालय मे प्रकरण का विचारण हुआ। शासन की ओर से पैरवी मानवेन्द्र सिंह, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा की गयी।

अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुए न्यायालय विशेष न्यायाधीश (पाक्सो एक्ट) पन्ना के द्वारा आरोपी रामकिशोर उर्फआकाश सपेरा को भा.द.सं. धारा 376(2)(एन), एवं धारा 366 के आरोप में क्रमशः 10 वर्ष एवं 05 वर्ष का कठोर कारावास एवं क्रमशः 7000 एवं 3000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।